छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2013 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 8 मार्च, 2013 (फाल्गुन 17, 1934)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) सर्वश्री देवजी पटेल, कुलदीप सिंह जुनेजा, सदस्य, रायपुर शहर में मच्छरों के प्रकोप से मलेरिया और डेंगू बीमारी फैलने की ओर नगरीय प्रशासन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री महंत रामसुन्दर दास, सदस्य, जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र की नदियों में उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण न होने से आम जनता को परेशानी होने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. याचिकाओं की प्रस्तुति

श्री परेश बागबाहरा, सदस्य, खल्लारी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम धनोरा में मिडिल स्कूल खोलने,

(ii) ग्राम साल्हेभांठा में हाई स्कूल खोलने,

(iii) ग्राम डुमरडीह में हाई स्कूल खोलने,

(iv) ग्राम बोकरामुड़ा कला में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने,

(v) ग्राम बकमा में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने,

(vi) जंघोरा-ठाकुरदियाखुर्द मार्ग पर पुल निर्माण करने,

(vii) रैताल-भीमखोज मार्ग पर पुल निर्माण करने,

(viii) बुन्देली-बेल्डीह-लिलेसर सड़क निर्माण करने,

(ix) भुरकोनी-खाड़ादरहा सड़क निर्माण करने तथा

(x) बिराजपाली-डोंगाझर-परसदा सड़क निर्माण करने

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

4. लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति तथा सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के लिए 9 - 9 सदस्यों का निर्वाचन

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे -

''सभा के सदस्यगण विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम-221 के उप नियम (3), 223 के उप नियम (2) तथा 223-ख के उप नियम (1) की अपेक्षानुसार लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति तथा सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के लिए वित्तीय वर्ष 2013-2014 की अवधि के लिये अपने में से क्रमश: 9-9 सदस्यों के निर्वाचन के लिये अग्रसर हों।''

क्रमश: 2

5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के लिए 9 सदस्यों का निर्वाचन

श्री केदारनाथ कश्यप, आदिम जाति विकास मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे -

''सभा के सदस्यगण विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम-234- ख के उप नियम (1) की अपेक्षानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के लिए वर्ष 2013-2014 की अवधि के लिये अपने में से 9 सदस्य, जिनमें से क्रमश: तीन- तीन सदस्य अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति तथा शासन द्वारा अधिसूचित पिछड़े वर्ग के होंगे, निर्वाचन के लिये अग्रसर हों।''

6. वर्ष 2013-2014 की अनुदान मांगों पर चर्चा

निर्धारित समय				
(शेष चर्चा)	(1)	मांग संख्या	9	राजस्व विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	8	भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन
		मांग संख्या	35	पुनर्वास
		मांग संख्या	58	प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय
3 घंटे	(2)	मांग संख्या	19	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
		मांग संख्या	79	चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	7	वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	22	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय निकाय
		मांग संख्या	69	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय कल्याण
		मांग संख्या	81	नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता

7. अशासकीय संकल्प

30 मिनट (1) श्री सौरभ सिंह,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "चकरभांठा (बिलासपुर) से नियमित विमान सेवा चालू की जाय."

1 घंटा (2) श्री महंत रामसुंदर दास, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "प्रदेश में महापुरूषों के नाम से संचालित शासकीय संस्थाओं में उनके जन्मदिवस एवं पुण्य तिथि के अवसर पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया जाकर श्रेष्ठ वक्ताओं को पुरस्कृत किया जाय ."

1 घंटा (3) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "छत्तीसगढ़ प्रदेश में वन क्षेत्र में रहने वाले यादव तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को आदिवासियों के समान वनभूमि के पट्टे दिये जाएं ."

रायपुर
दिनांक 7 मार्च,2013

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव.